**CHLAA**

परीक्षा पुस्तिका संकेत
Test Booklet Code

# EE

इस पुस्तिका में 44 पृष्ठ हैं । *This Booklet contains 44 pages.*

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें ।**

**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**

*महत्त्वपूर्ण निर्देश :*

1. उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर ध्यानपूर्वक **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
2. परीक्षा की अवधि **3 घंटे** है एवं परीक्षा पुस्तिका में **180** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंक का है । प्रत्येक सही उत्तर के लिए परीक्षार्थी को **4** अंक दिए जाएँगे । प्रत्येक गलत उत्तर के लिए कुल योग में से **एक अंक** घटाया जाएगा । अधिकतम अंक 720 हैं ।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें ।
4. रफ कार्य इस परीक्षा पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही करें ।
5. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी कक्ष/हॉल छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्र कक्ष निरीक्षक को अवश्य सौंप दें । परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं ।**
6. इस पुस्तिका का संकेत है **EE** । यह सुनिश्चित कर लें कि इस परीक्षा पुस्तिका का संकेत, उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे संकेत से मिलता है । अगर यह भिन्न हो, तो परीक्षार्थी दूसरी परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ ।
7. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ । परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक परीक्षा पुस्तिका/उत्तर पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र ना लिखें ।
8. उत्तर पत्र पर किसी प्रकार के संशोधन हेतु व्हाइट फ्लुइड के प्रयोग की अनुमति *नहीं* है ।

***Important Instructions :***

1. The Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue/black** ball point pen only.
2. The test is of **3 hours** duration and Test Booklet contains **180** questions. Each question carries **4** marks. For each correct response, the candidate will get **4** marks. For each incorrect response, **one mark** will be deducted from the total scores. The maximum marks are 720.
3. Use **Blue/Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page/marking responses.
4. Rough work is to be done on the space provided for this purpose in the Test Booklet only.
5. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator before leaving the Room/Hall. The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.**
6. The CODE for this Booklet is **EE**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this Test Booklet. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
7. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Test Booklet/Answer Sheet.
8. Use of white fluid for correction is ***not*** permissible on the Answer Sheet.

**प्रश्नों के अनुवाद में किसी अस्पष्टता की स्थिति में, अंग्रेजी संस्करण को ही अंतिम माना जायेगा ।**

**In case of any ambiguity in translation of any question, English version shall be treated as final.**

1. किस ताप पर ऑक्सीजन अणुओं की वर्ग माध्य मूल (rms) चाल पृथ्वी के वायुमण्डल से पलायन कर सकने के लिए मात्र पर्याप्त हो जाएगी ?

(दिया गया है :

ऑक्सीजन के अणु का द्रव्यमान $(m) = 2{\cdot}76 \times 10^{-26}$ kg

बोल्ट्ज़मान स्थिरांक $k_B = 1{\cdot}38 \times 10^{-23}\ J\ K^{-1}$)


(1) $2{\cdot}508 \times 10^4$ K

(2) $5{\cdot}016 \times 10^4$ K

(3) $8{\cdot}360 \times 10^4$ K

(4) $1{\cdot}254 \times 10^4$ K

2. किसी एकपरमाणुक गैस के आयतन (V) में ताप (T) के साथ विचरण ग्राफ़ में दर्शाए अनुसार होता है । अवस्था A से अवस्था B तक जाने की प्रक्रिया में गैस द्वारा किए गए कार्य और इसके द्वारा अवशोषित ऊष्मा का अनुपात है




(1) $\frac{2}{5}$

(2) $\frac{1}{3}$

(3) $\frac{2}{3}$

(4) $\frac{2}{7}$

3. जल के गलनांक और क्वथनांक के बीच कार्यरत किसी आदर्श ऊष्मा इंजन की दक्षता होती है

(1) 26·8%

(2) 6·25%

(3) 20%

(4) 12·5%

4. किसी खुले ऑर्गन पाइप की मूल आवृत्ति किसी बन्द ऑर्गन पाइप के तृतीय गुणावृत्ति (संनादी) की आवृत्ति के समान है । यदि बन्द ऑर्गन पाइप की लम्बाई 20 cm है, तो खुले ऑर्गन पाइप की लम्बाई होगी

(1) 13·2 cm

(2) 12·5 cm

(3) 8 cm

(4) 16 cm

1. At what temperature will the rms speed of oxygen molecules become just sufficient for escaping from the Earth's atmosphere ?

(Given :

Mass of oxygen molecule $(m) = 2{\cdot}76 \times 10^{-26}$ kg

Boltzmann's constant $k_B = 1{\cdot}38 \times 10^{-23}\ J\ K^{-1}$)


(1) $2{\cdot}508 \times 10^4$ K

(2) $5{\cdot}016 \times 10^4$ K

(3) $8{\cdot}360 \times 10^4$ K

(4) $1{\cdot}254 \times 10^4$ K

2. The volume (V) of a monatomic gas varies wit[h] its temperature (T), as shown in the graph. Th[e] ratio of work done by the gas, to the hea[t] absorbed by it, when it undergoes a change fro[m] state A to state B, is




(1) $\frac{2}{5}$

(2) $\frac{1}{3}$

(3) $\frac{2}{3}$

(4) $\frac{2}{7}$

3. The efficiency of an ideal heat engine wor[king] between the freezing point and boiling poi[nt of] water, is

(1) 26·8%

(2) 6·25%

(3) 20%

(4) 12·5%

4. The fundamental frequency in an open [organ] pipe is equal to the third harmonic of a c[losed] organ pipe. If the length of the closed orga[n] organ pipe is 20 cm, the length of the open organ pipe i[s]

(1) 13·2 cm

(2) 12·5 cm

(3) 8 cm

(4) 16 cm



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

5. 0·5 kg m$^{-1}$ प्रति इकाई लम्बाई द्रव्यमान की किसी धातु की क्षैतिज छड़ को एक चिकने आनत तल पर जो क्षैतिज से 30° का कोण बनाता है, रखा गया है । इस छड़ को इसमें विद्युत् धारा प्रवाहित कराकर नीचे सरकने नहीं दिया जाता जब इस पर 0·25 T प्रेरण का चुम्बकीय क्षेत्र ऊर्ध्वाधर दिशा में कार्य कर रहा है । छड़ को स्थिर रखने के लिए इसमें प्रवाहित धारा है

(1) 7·14 A
(2) 14·76 A
(3) 5·98 A
(4) 11·32 A

6. 20 mH का कोई प्रेरक, 100 μF का कोई संधारित्र तथा 50 Ω का कोई प्रतिरोधक, वि.वा. बल (emf), V = 10 sin 314 t के किसी स्रोत से श्रेणी में संयोजित हैं । इस परिपथ में शक्ति क्षय है

(1) 0·79 W
(2) 2·74 W
(3) 0·43 W
(4) 1·13 W

7. किसी चल कुण्डली गैल्वेनोमीटर की धारा सुग्राहिता 5 div/mA और वोल्टता सुग्राहिता (प्रयुक्त इकाई वोल्टता से उत्पन्न कोणीय विक्षेप) 20 div/V है । इस गैल्वेनोमीटर का प्रतिरोध है

(1) 40 Ω
(2) 250 Ω
(3) 25 Ω
(4) 500 Ω

8. किसी विद्युत्-चुम्बक के ध्रुवों के बीच प्रतिचुम्बकीय पदार्थ की एक पतली छड़ ऊर्ध्वाधर स्थित है । जब विद्युत्-चुम्बक में धारा प्रवाहित की जाती है, तो वह छड़ क्षैतिज चुम्बकीय क्षेत्र से बाहर ऊपर की ओर धकेल दी जाती है । इस प्रकार यह छड़ गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा प्राप्त करती है । ऐसा करने के लिए आवश्यक कार्य करता है

(1) विद्युत् स्रोत
(2) छड़ के पदार्थ की जालक संरचना
(3) चुम्बकीय क्षेत्र
(4) प्रेरित विद्युत्-क्षेत्र जो कि परिवर्ती चुम्बकीय क्षेत्र से उत्पन्न होता है

5. A metallic rod of mass per unit length 0·5 kg m$^{-1}$ is lying horizontally on a smooth inclined plane which makes an angle of 30° with the horizontal. The rod is not allowed to slide down by flowing a current through it when a magnetic field of induction 0·25 T is acting on it in the vertical direction. The current flowing in the rod to keep it stationary is

(1) 7·14 A
(2) 14·76 A
(3) 5·98 A
(4) 11·32 A

6. An inductor 20 mH, a capacitor 100 μF and a resistor 50 Ω are connected in series across a source of emf, V = 10 sin 314 t. The power loss in the circuit is

(1) 0·79 W
(2) 2·74 W
(3) 0·43 W
(4) 1·13 W


7. Current sensitivity of a moving coil galvanometer is 5 div/mA and its voltage sensitivity (angular deflection per unit voltage applied) is 20 div/V. The resistance of the galvanometer is

(1) 40 Ω
(2) 250 Ω
(3) 25 Ω
(4) 500 Ω

8. A thin diamagnetic rod is placed vertically between the poles of an electromagnet. When the current in the electromagnet is switched on, then the diamagnetic rod is pushed up, out of the horizontal magnetic field. Hence the rod gains gravitational potential energy. The work required to do this comes from

(1) the current source
(2) the lattice structure of the material of the rod
(3) the magnetic field
(4) the induced electric field due to the changing magnetic field

9. दिए गए परिपथ आरेख में, निवेश वोल्टता ($V_i$) 20 V, $V_{BE} = 0$ तथा $V_{CE} = 0$ है। $I_B$, $I_C$ और $\beta$ के मान होंगे





(1) $I_B = 40\ \mu A,\ I_C = 10\ mA,\ \beta = 250$

(2) $I_B = 20\ \mu A,\ I_C = 5\ mA,\ \beta = 250$

(3) $I_B = 25\ \mu A,\ I_C = 5\ mA,\ \beta = 200$

(4) $I_B = 40\ \mu A,\ I_C = 5\ mA,\ \beta = 125$

10. चित्र में दिए गए गेटों के संयोजन में निर्गत Y को निवेशों A और B के पदों में इस प्रकार व्यक्त किया जा सकता है




(1) $\overline{A \cdot B}$

(2) $\overline{A \cdot B} + A \cdot B$

(3) $A \cdot \bar{B} + \bar{A} \cdot B$

(4) $\overline{A + B}$

11. किसी p-n संधि डायोड में गर्म होने से ताप में परिवर्तन


(1) केवल व्युत्क्रम (रिवर्स) प्रतिरोध को प्रभावित करता है।

(2) p-n संधि के प्रतिरोध को प्रभावित नहीं करता है।

(3) केवल अग्र प्रतिरोध को प्रभावित करता है।

(4) p-n संधि के समग्र V – I अभिलक्षण को प्रभावित करता है।

9. In the circuit shown in the figure, the input voltage $V_i$ is 20 V, $V_{BE} = 0$ and $V_{CE} = 0$. The values of $I_B$, $I_C$ and $\beta$ are given by





(1) $I_B = 40\ \mu A,\ I_C = 10\ mA,\ \beta = 250$

(2) $I_B = 20\ \mu A,\ I_C = 5\ mA,\ \beta = 250$

(3) $I_B = 25\ \mu A,\ I_C = 5\ mA,\ \beta = 200$

(4) $I_B = 40\ \mu A,\ I_C = 5\ mA,\ \beta = 125$

10. In the combination of the following gates the output Y can be written in terms of inputs A and B as




(1) $\overline{A \cdot B}$

(2) $\overline{A \cdot B} + A \cdot B$

(3) $A \cdot \bar{B} + \bar{A} \cdot B$

(4) $\overline{A + B}$

11. In a p-n junction diode, change in temperature due to heating

(1) affects only reverse resistance

(2) does not affect resistance of p-n junction

(3) affects only forward resistance

(4) affects the overall V – I characteristics of p-n junction

12. अपवर्तनांक 'μ' वाले पदार्थ के किसी समतल पृष्ठ पर कोई अध्रुवित प्रकाश वायु से आपतन करता है । किसी विशेष आपतन कोण 'i' पर यह पाया गया कि परावर्तित किरणें और अपवर्तित किरणें एक-दूसरे के लम्बवत् हैं । निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प इस स्थिति में सही है ?

(1) परावर्तित प्रकाश ध्रुवित है और इसका विद्युत् सदिश आपतन के तल के समान्तर है

(2) $i = \sin^{-1}\left(\frac{1}{\mu}\right)$

(3) परावर्तित प्रकाश ध्रुवित है और इसका विद्युत् सदिश आपतन के तल के लम्बवत् है

(4) $i = \tan^{-1}\left(\frac{1}{\mu}\right)$

13. यंग के द्विझिरी प्रयोग में, झिरियों के बीच पृथकन d, 2 mm है तथा झिरी से पर्दे की दूरी D को 100 cm रखते हुए तरंगदैर्ध्य λ = 5896 Å के प्रकाश का उपयोग किया गया है । यह पाया गया कि फ्रिंजों की कोणीय चौड़ाई 0·20° है । तब (उन्हीं λ और D के लिए) फ्रिंजों की कोणीय चौड़ाई को बढ़ाकर 0·21° करने के लिए झिरियों के बीच के पृथकन को करना होगा

(1) 1·8 mm

(2) 2·1 mm

(3) 1·9 mm

(4) 1·7 mm

14. किसी खगोलीय अपवर्ती दूरदर्शक का कोणीय आवर्धन अधिक और कोणीय विभेदन उच्च होगा, यदि इसके अभिदृश्यक लेंस की

(1) फोकस दूरी कम और व्यास बड़ा है

(2) फोकस दूरी अधिक और व्यास बड़ा है

(3) फोकस दूरी अधिक और व्यास छोटा है

(4) फोकस दूरी कम और व्यास छोटा है

12. Unpolarised light is incident from air on a plane surface of a material of refractive index 'μ'. At a particular angle of incidence 'i', it is found that the reflected and refracted rays are perpendicular to each other. Which of the following options is correct for this situation ?

(1) Reflected light is polarised with its electric vector parallel to the plane of incidence

(2) $i = \sin^{-1}\left(\frac{1}{\mu}\right)$

(3) Reflected light is polarised with its electric vector perpendicular to the plane of incidence

(4) $i = \tan^{-1}\left(\frac{1}{\mu}\right)$

13. In Young's double slit experiment the separation d between the slits is 2 mm, the wavelength λ of the light used is 5896 Å and distance D between the screen and slits is 100 cm. It is found that the angular width of the fringes is 0·20°. To increase the fringe angular width to 0·21° (with same λ and D) the separation between the slits needs to be changed to

(1) 1·8 mm

(2) 2·1 mm

(3) 1·9 mm

(4) 1·7 mm

14. An astronomical refracting telescope will have large angular magnification and high angular resolution, when it has an objective lens of

(1) small focal length and large diameter

(2) large focal length and large diameter

(3) large focal length and small diameter

(4) small focal length and small diameter

15. आरम्भिक वेग $\vec{V} = V_0\,\hat{i}$ $(V_0 > 0)$ और द्रव्यमान m का कोई इलेक्ट्रॉन किसी विद्युत्-क्षेत्र $\vec{E} = -E_0\,\hat{i}$ ($E_0$ = स्थिरांक > 0) में t = 0 पर प्रवेश करता है । यदि प्रारम्भ में इस इलेक्ट्रॉन की दे-ब्रॉग्ली तरंगदैर्घ्य $\lambda_0$ है, तो समय t पर इसकी दे-ब्रॉग्ली तरंगदैर्घ्य होगी

(1) $\dfrac{\lambda_0}{\left(1+\dfrac{eE_0}{mV_0}t\right)}$

(2) $\lambda_0 t$

(3) $\lambda_0\left(1+\dfrac{eE_0}{mV_0}t\right)$

(4) $\lambda_0$

16. किसी रेडियोऐक्टिव पदार्थ की अर्ध-आयु 10 मिनट है । यदि आरम्भ में नाभिकों की संख्या 600 है, तो 450 नाभिकों के विघटित होने में लगने वाला समय (मिनट में) है

(1) 20

(2) 30

(3) 10

(4) 15

17. हाइड्रोजन परमाणु की किसी बोर कक्षा में किसी इलेक्ट्रॉन की गतिज ऊर्जा और उसकी कुल ऊर्जा का अनुपात होता है

(1) 1 : 1

(2) 2 : − 1

(3) 1 : − 1

(4) 1 : − 2

18. जब किसी धातु के पृष्ठ पर आवृत्ति $2\nu_0$ (यहाँ $\nu_0$ देहली आवृत्ति है) का प्रकाश आपतन करता है, तो उत्सर्जित इलेक्ट्रॉनों का अधिकतम वेग $v_1$ है । जब आपतित विकिरणों की आवृत्ति बढ़ाकर $5\nu_0$ कर दी जाती है, तो उसी पृष्ठ से उत्सर्जित इलेक्ट्रॉनों का अधिकतम वेग $v_2$ होता है । $v_1$ और $v_2$ का अनुपात है

(1) 1 : 2

(2) 4 : 1

(3) 1 : 4

(4) 2 : 1

15. An electron of mass m with an initial velocity $\vec{V} = V_0\,\hat{i}$ $(V_0 > 0)$ enters an electric field $\vec{E} = -E_0\,\hat{i}$ ($E_0$ = constant > 0) at t = 0. If $\lambda_0$ is its de-Broglie wavelength initially, then its de-Broglie wavelength at time t is

(1) $\dfrac{\lambda_0}{\left(1+\dfrac{eE_0}{mV_0}t\right)}$

(2) $\lambda_0 t$

(3) $\lambda_0\left(1+\dfrac{eE_0}{mV_0}t\right)$

(4) $\lambda_0$

16. For a radioactive material, half-life is 10 minutes. If initially there are 600 number of nuclei, the time taken (in minutes) for the disintegration of 450 nuclei is

(1) 20

(2) 30

(3) 10

(4) 15

17. The ratio of kinetic energy to the total energy of an electron in a Bohr orbit of the hydrogen atom, is

(1) 1 : 1

(2) 2 : − 1

(3) 1 : − 1

(4) 1 : − 2

18. When the light of frequency $2\nu_0$ (where $\nu_0$ is threshold frequency), is incident on a metal plate, the maximum velocity of electrons emitted is $v_1$. When the frequency of the incident radiation is increased to $5\nu_0$, the maximum velocity of electrons emitted from the same plate is $v_2$. The ratio of $v_1$ to $v_2$ is

(1) 1 : 2

(2) 4 : 1

(3) 1 : 4

(4) 2 : 1

19. कोई बिम्ब 15 cm फोकस दूरी के किसी अवतल दर्पण से 40 cm दूरी पर स्थित है । यदि इस बिम्ब को दर्पण की दिशा में 20 cm स्थानान्तरित कर दिया जाए, तो प्रतिबिम्ब कितनी दूरी पर विस्थापित हो जाएगा ?

(1) 30 cm दर्पण से दूर
(2) 30 cm दर्पण के पास
(3) 36 cm दर्पण से दूर
(4) 36 cm दर्पण के पास

20. किसी प्रिज़्म के पदार्थ का अपवर्तनांक $\sqrt{2}$ और प्रिज़्म का कोण 30° है । प्रिज़्म के दो अपवर्तक पृष्ठों में से एक को चाँदी चढ़ाकर भीतर की ओर दर्पण बनाया गया है । दूसरे फलक से प्रवेश करने वाले एकवर्णी प्रकाश का कोई पुंज (दर्पण वाले पृष्ठ से परावर्तित होने के पश्चात्) उसी पथ पर वापस लौट जाएगा, यदि प्रिज़्म पर आपतन कोण का मान है

(1) 60°
(2) 30°
(3) 45°
(4) शून्य

21. कोई विद्युत्-चुम्बकीय तरंग किसी माध्यम में वेग $\vec{V} = V\hat{i}$ से गमन कर रही है । किसी क्षण इस विद्युत्-चुम्बकीय तरंग का विद्युत्-क्षेत्र दोलन +y अक्ष के अनुदिश है । तब इस विद्युत्-चुम्बकीय तरंग के चुम्बकीय क्षेत्र दोलन की दिशा होगी

(1) – z दिशा
(2) – y दिशा
(3) + z दिशा
(4) – x दिशा

22. किसी प्रेरक से 60 mA की धारा प्रवाहित करने पर उस प्रेरक में संचित चुम्बकीय स्थितिज ऊर्जा का मान 25 mJ है । इस प्रेरक का प्रेरकत्व है

(1) 0·138 H
(2) 1·389 H
(3) 138·88 H
(4) 13·89 H

19. An object is placed at a distance of 40 cm from a concave mirror of focal length 15 cm. If the object is displaced through a distance of 20 cm towards the mirror, the displacement of the image will be

(1) 30 cm away from the mirror
(2) 30 cm towards the mirror
(3) 36 cm away from the mirror
(4) 36 cm towards the mirror

20. The refractive index of the material of a prism is $\sqrt{2}$ and the angle of the prism is 30°. One of the two refracting surfaces of the prism is made a mirror inwards, by silver coating. A beam of monochromatic light entering the prism from the other face will retrace its path (after reflection from the silvered surface) if its angle of incidence on the prism is

(1) 60°
(2) 30°
(3) 45°
(4) zero


21. An em wave is propagating in a medium with a velocity $\vec{V} = V\hat{i}$. The instantaneous oscillating electric field of this em wave is along +y axis. Then the direction of oscillating magnetic field of the em wave will be along


(1) – z direction
(2) – y direction
(3) + z direction
(4) – x direction


22. The magnetic potential energy stored in a certain inductor is 25 mJ, when the current in the inductor is 60 mA. This inductor is of inductance


(1) 0·138 H
(2) 1·389 H
(3) 138·88 H
(4) 13·89 H

23. कोई बैटरी आंतरिक प्रतिरोध 'r' वाले, श्रेणीक्रम में संयोजित, 'n' सर्वसम सेलों (संख्या n परिवर्ती है) से बनी है । बैटरी के टर्मिनलों का लघुपथन करके धारा I मापी गई है । दिया गया कौन-सा ग्राफ़ I और n के बीच सही संबंध को दर्शाता है ?

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 


24. 'n' सर्वसम प्रतिरोधकों का समुच्चय, जिसमें प्रत्येक का प्रतिरोध 'R' है, श्रेणीक्रम में वि.वा.बल (emf), 'E' और आन्तरिक प्रतिरोध, 'R' की किसी बैटरी से संयोजित है । बैटरी से ली गई धारा I है । अब इन 'n' प्रतिरोधकों को पार्श्व क्रम में इसी बैटरी से संयोजित किया जाता है । तो बैटरी से ली गई धारा 10 I हो जाती है । 'n' का मान है


(1) 10
(2) 20
(3) 11
(4) 9


25. $(47 \pm 4{\cdot}7)$ k$\Omega$ प्रतिरोध के किसी कार्बन-प्रतिरोधक पर, पहचान के लिए, विभिन्न वर्णों के वलय अंकित किए जाने हैं । वर्ण कोड का क्रम होगा


(1) बैंगनी – पीला – नारंगी – चाँदी रंग का
(2) पीला – हरा – बैंगनी – सुनहरा
(3) पीला – बैंगनी – नारंगी – चाँदी रंग का
(4) हरा – नारंगी – बैंगनी – सुनहरा

23. A battery consists of a variable number 'n' of identical cells (having internal resistance 'r' each) which are connected in series. The terminals of the battery are short-circuited and the current I is measured. Which of the graphs shows the correct relationship between I and n ?

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

24. A set of 'n' equal resistors, of value 'R' each, are connected in series to a battery of emf 'E' and internal resistance 'R'. The current drawn is I. Now, the 'n' resistors are connected in parallel to the same battery. Then the current drawn from battery becomes 10 I. The value of 'n' is

(1) 10
(2) 20
(3) 11
(4) 9

25. A carbon resistor of $(47 \pm 4{\cdot}7)$ k$\Omega$ is to be marked with rings of different colours for its identification. The colour code sequence will be

(1) Violet – Yellow – Orange – Silver
(2) Yellow – Green – Violet – Gold
(3) Yellow – Violet – Orange – Silver
(4) Green – Orange – Violet – Gold

26. किसी स्वरित्र द्विभुज का उपयोग किसी ऐसी काँच की नलिका में अनुनाद उत्पन्न करने के लिए किया गया है, जिसमें वायु स्तम्भ की लम्बाई को परिवर्ती पिस्टन द्वारा समायोजित किया जा सकता है । 27°C कक्ष ताप पर स्तम्भ की लम्बाई 20 cm और 73 cm होने पर दो क्रमागत अनुनाद उत्पन्न होते हैं । यदि स्वरित्र द्विभुज की आवृत्ति 320 Hz है, तो वायु में ध्वनि का 27°C पर वेग है

(1) 330 m/s
(2) 350 m/s
(3) 339 m/s
(4) 300 m/s

27. आवेश Q के किसी वियुक्त समान्तर पट्टिका संधारित्र C की क्षेत्रफल A वाली धातु की पट्टिकाओं के बीच स्थिर-वैद्युत बल

(1) पट्टिकाओं के बीच की दूरी पर निर्भर नहीं करता ।
(2) पट्टिकाओं के बीच की दूरी के वर्गमूल के अनुक्रमानुपाती होता है ।
(3) पट्टिकाओं के बीच की दूरी के रैखिकत: अनुक्रमानुपाती होता है ।
(4) पट्टिकाओं के बीच की दूरी के व्युत्क्रमानुपाती होता है ।

28. कोई इलेक्ट्रॉन विरामावस्था से किसी एकसमान तथा ऊपर को ऊर्ध्वाधर विद्युत्-क्षेत्र E में कोई दी गई दूरी, h, गिरता है । अब विद्युत्-क्षेत्र का परिमाण अपरिवर्तित रखते हुए इसकी दिशा उत्क्रमित कर दी जाती है । किसी प्रोटॉन को विरामावस्था से इतनी ही ऊर्ध्वाधर दूरी h तक इसमें गिरने दिया जाता है । प्रोटॉन के गिरने में लिए गए समय की तुलना में इलेक्ट्रॉन द्वारा गिरने में लिया गया समय है

(1) कम
(2) 10 गुना अधिक
(3) 5 गुना अधिक
(4) समान

29. कोई लोलक एक काफी ऊँचे भवन की छत से लटका है और सरल आवर्त दोलक की भाँति मुक्त रूप से आगे-पीछे गति कर रहा है । माध्य स्थिति से 5 m की दूरी पर इसके गोलक का त्वरण 20 m/s$^2$ है । दोलन का आवर्तकाल है

(1) $2\pi$ s
(2) 2 s
(3) $\pi$ s
(4) 1 s

26. A tuning fork is used to produce resonance in a glass tube. The length of the air column in this tube can be adjusted by a variable piston. At room temperature of 27°C two successive resonances are produced at 20 cm and 73 cm of column length. If the frequency of the tuning fork is 320 Hz, the velocity of sound in air at 27°C is

(1) 330 m/s
(2) 350 m/s
(3) 339 m/s
(4) 300 m/s

27. The electrostatic force between the metal plates of an isolated parallel plate capacitor C having a charge Q and area A, is

(1) independent of the distance between the plates.
(2) proportional to the square root of the distance between the plates.
(3) linearly proportional to the distance between the plates.
(4) inversely proportional to the distance between the plates.

28. An electron falls from rest through a vertical distance h in a uniform and vertically upward directed electric field E. The direction of electric field is now reversed, keeping its magnitude the same. A proton is allowed to fall from rest in it through the same vertical distance h. The time of fall of the electron, in comparison to the time of fall of the proton is

(1) smaller
(2) 10 times greater
(3) 5 times greater
(4) equal

29. A pendulum is hung from the roof of a sufficiently high building and is moving freely to and fro like a simple harmonic oscillator. The acceleration of the bob of the pendulum is 20 m/s$^2$ at a distance of 5 m from the mean position. The time period of oscillation is

(1) $2\pi$ s
(2) 2 s
(3) $\pi$ s
(4) 1 s

30. किसी कृष्णिका द्वारा विकिरित शक्ति P है तथा यह तरंगदैर्घ्य, $\lambda_0$ पर अधिकतम ऊर्जा विकिरित करती है । अब यदि इस कृष्णिका का ताप परिवर्तित कर दिया जाता है, जिससे कि यह $\frac{3}{4}\lambda_0$ तरंगदैर्घ्य पर अधिकतम ऊर्जा विकिरित करती है, तो इसके द्वारा विकिरित शक्ति nP हो जाती है । n का मान होगा

(1) $\frac{3}{4}$

(2) $\frac{256}{81}$

(3) $\frac{4}{3}$

(4) $\frac{81}{256}$

31. दो तार समान पदार्थ के बने हैं और दोनों के आयतन भी समान हैं । पहले तार की अनुप्रस्थ-काट का क्षेत्रफल A और दूसरे तार की अनुप्रस्थ-काट का क्षेत्रफल 3A है । यदि बल F लगाकर पहले तार की लम्बाई में $\Delta l$ की वृद्धि की जाती है, तो दूसरे तार की लम्बाई में भी इतनी ही वृद्धि करने के लिए कितने बल की आवश्यकता होगी ?

(1) 9 F

(2) 4 F

(3) 6 F

(4) F

32. त्रिज्या 'r' का कोई लघु गोला विरामावस्था से किसी श्यान द्रव में गिरता है । श्यान बल के कारण इसमें ऊष्मा उत्पन्न होती है । गोले के अंतिम (टर्मिनल) वेग पर उत्पन्न ऊष्मा की दर निम्नलिखित में से किसके अनुक्रमानुपाती होती है ?

(1) $r^3$

(2) $r^5$

(3) $r^2$

(4) $r^4$

33. सामान्य दाब ($1{\cdot}013 \times 10^5$ Nm$^{-2}$) और 100°C ताप पर 0·1 g जल के नमूने को 100°C की भाप में परिवर्तित करने के लिए 54 कैलोरी ऊष्मा ऊर्जा की आवश्यकता होती है । यदि उत्पन्न भाप का आयतन 167·1 cc है, तो इस नमूने की आन्तरिक ऊर्जा में परिवर्तन है

(1) 104·3 J

(2) 42·2 J

(3) 208·7 J

(4) 84·5 J

30. The power radiated by a black body is P and it radiates maximum energy at wavelength, $\lambda_0$. If the temperature of the black body is now changed so that it radiates maximum energy at wavelength $\frac{3}{4}\lambda_0$, the power radiated by it becomes nP. The value of n is

(1) $\frac{3}{4}$

(2) $\frac{256}{81}$

(3) $\frac{4}{3}$

(4) $\frac{81}{256}$

31. Two wires are made of the same material and have the same volume. The first wire has cross-sectional area A and the second wire has cross-sectional area 3A. If the length of the first wire is increased by $\Delta l$ on applying a force F, how much force is needed to stretch the second wire by the same amount ?

(1) 9 F

(2) 4 F

(3) 6 F

(4) F

32. A small sphere of radius 'r' falls from rest in a viscous liquid. As a result, heat is produced due to viscous force. The rate of production of heat when the sphere attains its terminal velocity, is proportional to

(1) $r^3$

(2) $r^5$

(3) $r^2$

(4) $r^4$

33. A sample of 0·1 g of water at 100°C and normal pressure ($1{\cdot}013 \times 10^5$ Nm$^{-2}$) requires 54 cal of heat energy to convert to steam at 100°C. If the volume of the steam produced is 167·1 cc, the change in internal energy of the sample, is

(1) 104·3 J

(2) 42·2 J

(3) 208·7 J

(4) 84·5 J



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

34. बिन्दु (2, 0, – 3) पर कार्यरत बल $\vec{F} = 4\hat{i} + 5\hat{j} - 6\hat{k}$ का बिन्दु (2, – 2, – 2) के परित: आघूर्ण होगा

(1) $-8\hat{i} - 4\hat{j} - 7\hat{k}$

(2) $-7\hat{i} - 8\hat{j} - 4\hat{k}$

(3) $-4\hat{i} - \hat{j} - 8\hat{k}$

(4) $-7\hat{i} - 4\hat{j} - 8\hat{k}$

35. किसी छात्र ने इस्पात की लघु गेंद के व्यास की माप 0·001 cm अल्पतमांक वाले स्क्रू गेज़ द्वारा की । मुख्य पैमाने की माप 5 mm और वृत्तीय पैमाने का शून्य संदर्भ लेवल से 25 भाग ऊपर है । यदि स्क्रू गेज़ में शून्यांक त्रुटि – 0·004 cm है, तो गेंद का सही व्यास होगा


(1) 0·521 cm

(2) 0·053 cm

(3) 0·525 cm

(4) 0·529 cm

36. आनत कोण θ के किसी चिकने आनत वेज ABC पर m द्रव्यमान का कोई ब्लॉक चित्रानुसार स्थित है । इस वेज को दायीं ओर कोई त्वरण 'a' दिया जाता है । ब्लॉक को वेज पर स्थिर रखने के लिए a और θ के बीच संबंध होगा




(1) $a = \frac{g}{\text{cosec}\,\theta}$

(2) $a = g\cos\theta$

(3) $a = \frac{g}{\sin\theta}$

(4) $a = g\tan\theta$

37. कोई खिलौना कार जिस पर आवेश q है किसी एकसमान विद्युत्-क्षेत्र $\vec{E}$ के प्रभाव में किसी घर्षणहीन समतल क्षैतिज पृष्ठ पर गतिमान है । एक सेकण्ड के अन्तराल में बल $q\vec{E}$ के कारण इसका वेग 0 से 6 m/s हो जाता है । उसी क्षण विद्युत्-क्षेत्र की दिशा उत्क्रमित कर दी जाती है । इस क्षेत्र के प्रभाव में कार और दो सेकण्ड तक गति करती रहती है । 0 से 3 सेकण्ड के बीच खिलौना कार के औसत वेग और औसत चाल क्रमश: हैं

(1) 2 m/s, 4 m/s

(2) 1 m/s, 3·5 m/s

(3) 1 m/s, 3 m/s

(4) 1·5 m/s, 3 m/s

34. The moment of the force, $\vec{F} = 4\hat{i} + 5\hat{j} - 6\hat{k}$ at (2, 0, – 3), about the point (2, – 2, – 2), is given by

(1) $-8\hat{i} - 4\hat{j} - 7\hat{k}$

(2) $-7\hat{i} - 8\hat{j} - 4\hat{k}$

(3) $-4\hat{i} - \hat{j} - 8\hat{k}$

(4) $-7\hat{i} - 4\hat{j} - 8\hat{k}$

35. A student measured the diameter of a small steel ball using a screw gauge of least count 0·001 cm. The main scale reading is 5 mm and zero of circular scale division coincides with 25 divisions above the reference level. If screw gauge has a zero error of – 0·004 cm, the correct diameter of the ball is


(1) 0·521 cm

(2) 0·053 cm

(3) 0·525 cm

(4) 0·529 cm

36. A block of mass m is placed on a smooth inclined wedge ABC of inclination θ as shown in the figure. The wedge is given an acceleration 'a' towards the right. The relation between a and θ for the block to remain stationary on the wedge is




(1) $a = \frac{g}{\text{cosec}\,\theta}$

(2) $a = g\cos\theta$

(3) $a = \frac{g}{\sin\theta}$

(4) $a = g\tan\theta$

37. A toy car with charge q moves on a frictionless horizontal plane surface under the influence of a uniform electric field $\vec{E}$. Due to the force $q\vec{E}$, its velocity increases from 0 to 6 m/s in one second duration. At that instant the direction of the field is reversed. The car continues to move for two more seconds under the influence of this field. The average velocity and the average speed of the toy car between 0 to 3 seconds are respectively

(1) 2 m/s, 4 m/s

(2) 1 m/s, 3·5 m/s

(3) 1 m/s, 3 m/s

(4) 1·5 m/s, 3 m/s




रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

38. द्रव्यमान m का एक गतिशील गुटका, 4m द्रव्यमान के किसी दूसरे स्थिर गुटके से संघट्ट करता है । संघट्ट के पश्चात् हल्का गुटका विराम अवस्था में आ जाता है । यदि हल्के गुटके का आरम्भिक वेग v है, तो प्रत्यानयन गुणांक (e) का मान होगा

(1) 0·5
(2) 0·8
(3) 0·25
(4) 0·4

39. आरेख में दर्शाए अनुसार ऊँचाई h से घर्षणरहित पथ के अनुदिश विराम अवस्था से सरकने वाला कोई पिण्ड, व्यास AB = D के ऊर्ध्वाधर वृत्त को ठीक-ठीक पूरा करता है । तब ऊँचाई h होगी




(1) $\frac{3}{2}D$
(2) $\frac{7}{5}D$
(3) D
(4) $\frac{5}{4}D$

40. तीन पिण्ड, A : (एक ठोस गोला), B : (एक पतली वृत्ताकार चकती) तथा C : (एक वृत्ताकार छल्ला), जिनमें प्रत्येक का द्रव्यमान M तथा त्रिज्या R है, समान कोणीय चाल ω से अपनी सममिति अक्षों के परितः चक्रण कर रहे हैं । इन्हें विरामावस्था में लाने के लिए किए जाने वाले आवश्यक कार्यों (W) के लिए कौन-सा संबंध सही है ?

(1) $W_C > W_B > W_A$
(2) $W_B > W_A > W_C$
(3) $W_A > W_B > W_C$
(4) $W_A > W_C > W_B$


41. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन *असत्य* है ?

(1) लोटनिक घर्षण सर्पी घर्षण से कम होता है ।
(2) घर्षण बल आपेक्षिक गति का विरोध करता है ।
(3) स्थैतिक घर्षण का सीमान्त मान अभिलम्ब प्रतिक्रिया के अनुक्रमानुपाती होता है ।
(4) सर्पी घर्षण गुणांक की विमाएँ लम्बाई की विमा के समान होती हैं ।

38. A moving block having mass m, collides with another stationary block having mass 4m. The lighter block comes to rest after collision. When the initial velocity of the lighter block is v, then the value of coefficient of restitution (e) will be

(1) 0·5
(2) 0·8
(3) 0·25
(4) 0·4

39. A body initially at rest and sliding along a frictionless track from a height h (as shown in the figure) just completes a vertical circle of diameter AB = D. The height h is equal to




(1) $\frac{3}{2}D$
(2) $\frac{7}{5}D$
(3) D
(4) $\frac{5}{4}D$

40. Three objects, A : (a solid sphere), B : (a thin circular disk) and C : (a circular ring), each have the same mass M and radius R. They all spin with the same angular speed ω about their own symmetry axes. The amounts of work (W) required to bring them to rest, would satisfy the relation

(1) $W_C > W_B > W_A$
(2) $W_B > W_A > W_C$
(3) $W_A > W_B > W_C$
(4) $W_A > W_C > W_B$

41. Which one of the following statements is ***incorrect*** ?

(1) Rolling friction is smaller than sliding friction.
(2) Frictional force opposes the relative motion.
(3) Limiting value of static friction is directly proportional to normal reaction.
(4) Coefficient of sliding friction has dimensions of length.

42. एक ठोस गोला लोटन गति में है । लोटन गति में वस्तु की स्थानान्तरीय गतिज ऊर्जा ($K_t$) के साथ-साथ घूर्णी गतिज ऊर्जा ($K_r$) भी होती है । गोले के लिए $K_t : (K_t + K_r)$ का अनुपात होगा

(1) 7 : 10

(2) 10 : 7

(3) 5 : 7

(4) 2 : 5

43. कोई ठोस गोला मुक्त आकाश में अपनी सममिति अक्ष के परितः मुक्त रूप से घूर्णन कर रहा है । इस गोले का द्रव्यमान समान रखते हुए इसकी त्रिज्या में वृद्धि की जाती है । गोले के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी भौतिक राशि स्थिर रहेगी ?

(1) कोणीय वेग

(2) घूर्णी गतिज ऊर्जा

(3) जड़त्व आघूर्ण

(4) कोणीय संवेग

44. यदि सूर्य का द्रव्यमान $\frac{1}{10}$ गुना हो तथा सार्वत्रिक गुरुत्वाकर्षण स्थिरांक परिमाण में 10 गुना हो, तो निम्नलिखित में से कौन-सा सही ***नहीं*** है ?


(1) वर्षा की बूँदें धरती पर अधिक तेज़ी से गिरेंगी ।

(2) पृथ्वी पर सरल लोलक का आवर्तकाल कम हो जाएगा ।

(3) धरती पर चलना अधिक कठिन हो जाएगा ।

(4) पृथ्वी पर 'g' के मान में परिवर्तन नहीं होगा ।

45. सूर्य के चारों ओर दीर्घवृत्तीय कक्षा में गतिमान ग्रह की स्थितियों A, B और C पर गतिज ऊर्जाएँ क्रमशः $K_A$, $K_B$ और $K_C$ हैं । AC दीर्घ अक्ष है तथा सूर्य की स्थिति S पर SB चित्रानुसार दीर्घ अक्ष AC पर लम्ब है । तब




(1) $K_A < K_B < K_C$

(2) $K_B < K_A < K_C$

(3) $K_A > K_B > K_C$

(4) $K_B > K_A > K_C$

42. A solid sphere is in rolling motion. In rolling motion a body possesses translational kinetic energy ($K_t$) as well as rotational kinetic energy ($K_r$) simultaneously. The ratio $K_t : (K_t + K_r)$ for the sphere is

(1) 7 : 10

(2) 10 : 7

(3) 5 : 7

(4) 2 : 5

43. A solid sphere is rotating freely about its symmetry axis in free space. The radius of the sphere is increased keeping its mass same. Which of the following physical quantities would remain constant for the sphere ?

(1) Angular velocity

(2) Rotational kinetic energy

(3) Moment of inertia

(4) Angular momentum

44. If the mass of the Sun were ten times smaller and the universal gravitational constant were ten times larger in magnitude, which of the following is ***not*** correct ?


(1) Raindrops will fall faster.

(2) Time period of a simple pendulum on the Earth would decrease.

(3) Walking on the ground would become more difficult.

(4) 'g' on the Earth will not change.

45. The kinetic energies of a planet in an elliptical orbit about the Sun, at positions A, B and C are $K_A$, $K_B$ and $K_C$, respectively. AC is the major axis and SB is perpendicular to AC at the position of the Sun S as shown in the figure. Then




(1) $K_A < K_B < K_C$

(2) $K_B < K_A < K_C$

(3) $K_A > K_B > K_C$

(4) $K_B > K_A > K_C$

46. $NH_3$, $H_2$, $O_2$ तथा $CO_2$ के लिए वान्डर वाल्स स्थिरांक क्रमशः 4·17, 0·244, 1·36 एवं 3·59 दिए गए हैं । निम्नलिखित में से कौन-सी गैस सबसे आसानी से द्रवित हो जाती है ?

(1) $NH_3$
(2) $O_2$
(3) $H_2$
(4) $CO_2$

47. निम्नलिखित विलयनों को NaOH एवं HCl की भिन्न-भिन्न सान्द्रताओं एवं आयतनों के मिश्रण से बनाया गया है :

a. $60\ mL\ \frac{M}{10}\ HCl + 40\ mL\ \frac{M}{10}\ NaOH$
b. $55\ mL\ \frac{M}{10}\ HCl + 45\ mL\ \frac{M}{10}\ NaOH$
c. $75\ mL\ \frac{M}{5}\ HCl + 25\ mL\ \frac{M}{5}\ NaOH$
d. $100\ mL\ \frac{M}{10}\ HCl + 100\ mL\ \frac{M}{10}\ NaOH$

इनमें से किसका pH, 1 के बराबर होगा ?

(1) b
(2) d
(3) a
(4) c

48. $BaSO_4$ की 298 K पर जल में विलेयता $2{\cdot}42 \times 10^{-3}\ gL^{-1}$ है । विलेयता गुणनफल ($K_{sp}$) का मान होगा

(दिया गया है $BaSO_4$ का मोलर द्रव्यमान = 233 g $mol^{-1}$)

(1) $1{\cdot}08 \times 10^{-10}\ mol^2\ L^{-2}$
(2) $1{\cdot}08 \times 10^{-14}\ mol^2\ L^{-2}$
(3) $1{\cdot}08 \times 10^{-12}\ mol^2\ L^{-2}$
(4) $1{\cdot}08 \times 10^{-8}\ mol^2\ L^{-2}$

49. निम्नलिखित में से कौन-से गुण पर आयन की स्कंदन क्षमता निर्भर करती है ?

(1) केवल आयन के आवेश परिमाण पर
(2) आयन के आवेश परिमाण एवं आवेश चिह्न दोनों पर
(3) केवल आयन के आकार पर
(4) केवल आयन के आवेश चिह्न पर

46. Given van der Waals constant for $NH_3$, $H_2$, $O_2$ and $CO_2$ are respectively 4·17, 0·244, 1·36 and 3·59, which one of the following gases is most easily liquefied ?

(1) $NH_3$
(2) $O_2$
(3) $H_2$
(4) $CO_2$

47. Following solutions were prepared by mixing different volumes of NaOH and HCl of different concentrations :

a. $60\ mL\ \frac{M}{10}\ HCl + 40\ mL\ \frac{M}{10}\ NaOH$
b. $55\ mL\ \frac{M}{10}\ HCl + 45\ mL\ \frac{M}{10}\ NaOH$
c. $75\ mL\ \frac{M}{5}\ HCl + 25\ mL\ \frac{M}{5}\ NaOH$
d. $100\ mL\ \frac{M}{10}\ HCl + 100\ mL\ \frac{M}{10}\ NaOH$

pH of which one of them will be equal to 1 ?

(1) b
(2) d
(3) a
(4) c

48. The solubility of $BaSO_4$ in water is $2{\cdot}42 \times 10^{-3}\ gL^{-1}$ at 298 K. The value of its solubility product ($K_{sp}$) will be

(Given molar mass of $BaSO_4$ = 233 g $mol^{-1}$)

(1) $1{\cdot}08 \times 10^{-10}\ mol^2\ L^{-2}$
(2) $1{\cdot}08 \times 10^{-14}\ mol^2\ L^{-2}$
(3) $1{\cdot}08 \times 10^{-12}\ mol^2\ L^{-2}$
(4) $1{\cdot}08 \times 10^{-8}\ mol^2\ L^{-2}$

49. On which of the following properties does the coagulating power of an ion depend ?

(1) The magnitude of the charge on the ion alone
(2) Both magnitude and sign of the charge on the ion
(3) Size of the ion alone
(4) The sign of charge on the ion alone

50. एलिंघम आरेख को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित में से कौन-सी धातु का उपयोग ऐलुमिना के अपचयन में किया जा सकता है ?

(1) Fe
(2) Mg
(3) Zn
(4) Cu

51. निम्नलिखित में से ग्रुप 13 के तत्त्वों में परमाण्विक त्रिज्याओं का कौन-सा क्रम सही है ?

(1) B < Al < In < Ga < Tl
(2) B < Ga < Al < Tl < In
(3) B < Al < Ga < In < Tl
(4) B < Ga < Al < In < Tl

52. $ClF_3$ की संरचना में केन्द्रीय परमाणु 'Cl' पर एकाकी युग्म इलेक्ट्रॉनों की संख्या है

(1) एक
(2) चार
(3) दो
(4) तीन

53. N-यौगिकों में इनकी ऑक्सीकरण अवस्थाओं का घटता हुआ सही क्रम है

(1) $HNO_3$, NO, $N_2$, $NH_4Cl$
(2) $HNO_3$, $NH_4Cl$, NO, $N_2$
(3) $HNO_3$, NO, $NH_4Cl$, $N_2$
(4) $NH_4Cl$, $N_2$, NO, $HNO_3$

54. हैलोजनों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य *नहीं* है ?

(1) सभी एकल क्षारीय ऑक्सी अम्ल बनाते हैं ।
(2) फ्लोरीन के अलावा सभी धनात्मक ऑक्सीकरण अवस्थाएँ दर्शाते हैं ।
(3) सभी ऑक्सीकारक अभिकर्मक हैं ।
(4) क्लोरीन की सर्वाधिक इलेक्ट्रॉन ग्रहण एन्थैल्पी है ।

55. निम्नलिखित में से कौन-सा तत्त्व $MF_6^{3-}$ आयन बनाने में असमर्थ है ?

(1) Ga
(2) B
(3) Al
(4) In

50. Considering Ellingham diagram, which of the following metals can be used to reduce alumina ?

(1) Fe
(2) Mg
(3) Zn
(4) Cu

51. The correct order of atomic radii in group 13 elements is

(1) B < Al < In < Ga < Tl
(2) B < Ga < Al < Tl < In
(3) B < Al < Ga < In < Tl
(4) B < Ga < Al < In < Tl

52. In the structure of $ClF_3$, the number of lone pairs of electrons on central atom 'Cl' is

(1) one
(2) four
(3) two
(4) three

53. The correct order of N-compounds in its decreasing order of oxidation states is

(1) $HNO_3$, NO, $N_2$, $NH_4Cl$
(2) $HNO_3$, $NH_4Cl$, NO, $N_2$
(3) $HNO_3$, NO, $NH_4Cl$, $N_2$
(4) $NH_4Cl$, $N_2$, NO, $HNO_3$

54. Which of the following statements is ***not*** true for halogens ?

(1) All form monobasic oxyacids.
(2) All but fluorine show positive oxidation states.
(3) All are oxidizing agents.
(4) Chlorine has the highest electron-gain enthalpy.

55. Which one of the following elements is unable to form $MF_6^{3-}$ ion ?

(1) Ga
(2) B
(3) Al
(4) In

56. तिर्यक बद्ध अथवा जालक्रम बहुलकों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन *असत्य* है ?

(1) इनमें विभिन्न रेखीय बहुलक शृंखलाओं के बीच सहसंयोजक आबंध होते हैं ।

(2) बैकेलाइट एवं मैलामीन इसके उदाहरण हैं ।

(3) ये द्विक्रियात्मक एवं त्रिक्रियात्मक समूहों के एकलकों से बनते हैं ।

(4) इनकी बहुलक शृंखलाओं में प्रबल सहसंयोजक आबंध होते हैं ।

57. ऐनिलीन का नाइट्रीकरण प्रबल अम्लीय माध्यम में करने पर m-नाइट्रोऐनिलीन भी बनाता है क्योंकि

(1) प्रतिस्थापक की उपस्थिति के बावजूद नाइट्रो समूह हमेशा केवल m-स्थिति पर ही जाता है ।

(2) प्रतिस्थापक की अनुपस्थिति में नाइट्रो समूह हमेशा m-स्थिति पर जाता है ।

(3) इलेक्ट्रॉनस्नेही प्रतिस्थापन अभिक्रिया में ऐमीनो समूह m-निर्देशकारी है ।

(4) अम्लीय (प्रबल) माध्यम में ऐनिलीन ऐनिलीनियम आयन के रूप में होती है ।

58. निम्नलिखित में से कौन-सी ऑक्साइड की सर्वाधिक अम्लीय प्रकृति है ?

(1) MgO

(2) BaO

(3) BeO

(4) CaO

59. ऐमिलोस एवं ऐमिलोपेक्टिन में विभिन्नता है

(1) ऐमिलोपेक्टिन में $1 \rightarrow 4$ $\alpha$-बंधन तथा $1 \rightarrow 6$ $\alpha$-बंधन है

(2) ऐमिलोपेक्टिन में $1 \rightarrow 4$ $\alpha$-बंधन तथा $1 \rightarrow 6$ $\beta$-बंधन है

(3) ऐमिलोस में $1 \rightarrow 4$ $\alpha$-बंधन तथा $1 \rightarrow 6$ $\beta$-बंधन है

(4) ऐमिलोस ग्लूकोस एवं गैलैक्टोस से बना है

60. 2·3 g फॉर्मिक अम्ल तथा 4·5 g ऑक्सेलिक अम्ल को सान्द्र $H_2SO_4$ से क्रिया करवाने पर उत्सर्जित गैसीय मिश्रण को KOH के छोटे टुकड़ों से गुज़ारा जाता है । STP पर बचे हुए उत्पाद का भार (g में) होगा

(1) 1·4

(2) 2·8

(3) 3·0

(4) 4·4

56. Regarding cross-linked or network polymers, which of the following statements is ***incorrect*** ?

(1) They contain covalent bonds between various linear polymer chains.

(2) Examples are bakelite and melamine.

(3) They are formed from bi- and tri-functional monomers.

(4) They contain strong covalent bonds in their polymer chains.

57. Nitration of aniline in strong acidic medium also gives m-nitroaniline because

(1) In spite of substituents nitro group always goes to only m-position.

(2) In absence of substituents nitro group always goes to m-position.

(3) In electrophilic substitution reactions amino group is meta directive.

(4) In acidic (strong) medium aniline is present as anilinium ion.

58. Which of the following oxides is most acidic in nature ?

(1) MgO

(2) BaO

(3) BeO

(4) CaO

59. The difference between amylose and amylopectin is

(1) Amylopectin have $1 \rightarrow 4$ $\alpha$-linkage and $1 \rightarrow 6$ $\alpha$-linkage

(2) Amylopectin have $1 \rightarrow 4$ $\alpha$-linkage and $1 \rightarrow 6$ $\beta$-linkage

(3) Amylose have $1 \rightarrow 4$ $\alpha$-linkage and $1 \rightarrow 6$ $\beta$-linkage

(4) Amylose is made up of glucose and galactose

60. A mixture of 2·3 g formic acid and 4·5 g oxalic acid is treated with conc. $H_2SO_4$. The evolved gaseous mixture is passed through KOH pellets. Weight (in g) of the remaining product at STP will be


(1) 1·4

(2) 2·8

(3) 3·0

(4) 4·4

61. इस अभिक्रिया




में सम्मिलित इलेक्ट्रॉनस्नेही है

(1) डाइक्लोरोमेथिल धनायन ( $\overset{\oplus}{C}HCl_2$ )

(2) डाइक्लोरोमेथिल ऋणायन ( $\overset{\ominus}{C}HCl_2$ )

(3) फॉर्मिल धनायन ( $\overset{\oplus}{C}HO$ )

(4) डाइक्लोरोकार्बीन ( $:CCl_2$ )

62. कार्बोक्सिलिक अम्लों के क्वथनांक समतुल्य आण्विक द्रव्यमान वाले ऐल्डिहाइडों, कीटोनों तथा यहाँ तक कि ऐल्कोहॉलों से उच्चतर होते हैं । यह किसके कारण होता है ?

(1) अन्त:आण्विक हाइड्रोजन बंधन बनने से


(2) कार्बोक्सिलिक अम्लों का अधिक व्यापक संगुणन वान्डर वाल्स आकर्षण बलों के द्वारा होता है

(3) कार्बोक्सिलेट आयन के बनने से

(4) अन्तराआण्विक हाइड्रोजन बंधन बनने से

63. एक यौगिक है A, $C_8H_{10}O$ जो कि NaOI (Y की अभिक्रिया NaOH से करके बनाया गया) से अभिक्रिया करके लाक्षणिक गंध वाला पीला अवक्षेप देता है ।
A और Y क्रमश: हैं


(1) 


(2) 


(3) 


(4) 


61. In the reaction




the electrophile involved is

(1) dichloromethyl cation ( $\overset{\oplus}{C}HCl_2$ )

(2) dichloromethyl anion ( $\overset{\ominus}{C}HCl_2$ )

(3) formyl cation ( $\overset{\oplus}{C}HO$ )

(4) dichlorocarbene ( $:CCl_2$ )

62. Carboxylic acids have higher boiling points than aldehydes, ketones and even alcohols of comparable molecular mass. It is due to their

(1) formation of intramolecular H-bonding


(2) more extensive association of carboxylic acid via van der Waals force of attraction

(3) formation of carboxylate ion


(4) formation of intermolecular H-bonding

63. Compound A, $C_8H_{10}O$, is found to react with NaOI (produced by reacting Y with NaOH) and yields a yellow precipitate with characteristic smell.
A and Y are respectively

(1) 


(2) 


(3) 


(4) 




रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

64. निम्नलिखित में से किस अणु में बाएँ से दाएँ के परमाणुओं में $sp^2$, $sp^2$, sp, sp संकरण दर्शाया जाता है ?


(1) $HC \equiv C - C \equiv CH$


(2) $CH_2 = CH - CH = CH_2$


(3) $CH_2 = CH - C \equiv CH$


(4) $CH_3 - CH = CH - CH_3$

65. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्बधनायन सर्वाधिक स्थायी अपेक्षित है ?

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

66. निम्नलिखित में से प्रतिस्थापकों के –I प्रभाव के संदर्भ में कौन-सा सही है ? (R = ऐल्किल)

(1) $-NH_2 < -OR < -F$

(2) $-NH_2 > -OR > -F$

(3) $-NR_2 < -OR < -F$

(4) $-NR_2 > -OR > -F$

64. Which of the following molecules represents the order of hybridisation $sp^2$, $sp^2$, sp, sp from left to right atoms ?


(1) $HC \equiv C - C \equiv CH$


(2) $CH_2 = CH - CH = CH_2$


(3) $CH_2 = CH - C \equiv CH$


(4) $CH_3 - CH = CH - CH_3$

65. Which of the following carbocations is expected to be most stable ?

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

66. Which of the following is correct with respect to – I effect of the substituents ? (R = alkyl)

(1) $-NH_2 < -OR < -F$

(2) $-NH_2 > -OR > -F$

(3) $-NR_2 < -OR < -F$

(4) $-NR_2 > -OR > -F$

67. संकुल $[CoCl_2(en)_2]$ द्वारा प्रदर्शित समावयवता का प्रकार है
(1) ज्यामितीय समावयवता
(2) आयनन समावयवता
(3) उपसहसंयोजन समावयवता
(4) बंधनी समावयवता

68. निम्नलिखित में से कौन-सा आयन d-d संक्रमण दर्शाता है तथा साथ ही अनुचुम्बकत्व भी ?
(1) $CrO_4^{2-}$
(2) $MnO_4^{-}$
(3) $Cr_2O_7^{2-}$
(4) $MnO_4^{2-}$

69. आयरन कार्बोनिल, $Fe(CO)_5$ है
(1) चतुष्ककेन्द्रक
(2) त्रिकेन्द्रक
(3) एककेन्द्रक
(4) द्विकेन्द्रक

70. कॉलम I में दिए गए धातु आयनों को कॉलम II में दिए गए आयनों के चक्रण चुम्बकीय आघूर्णों से मिलाइए तथा ***सही*** संकेत को निर्दिष्ट कीजिए :

| | *कॉलम I* | | *कॉलम II* |
|---|---|---|---|
| a. | $Co^{3+}$ | i. | $\sqrt{8}$ B.M. |
| b. | $Cr^{3+}$ | ii. | $\sqrt{35}$ B.M. |
| c. | $Fe^{3+}$ | iii. | $\sqrt{3}$ B.M. |
| d. | $Ni^{2+}$ | iv. | $\sqrt{24}$ B.M. |
| | | v. | $\sqrt{15}$ B.M. |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | v | ii | i |
| (2) | iv | i | ii | iii |
| (3) | i | ii | iii | iv |
| (4) | iii | v | i | ii |

71. $[Ni(CO)_4]$ संकुल की ज्यामिति एवं चुम्बकीय गुण हैं
(1) वर्ग समतली ज्यामिति एवं प्रतिचुम्बकीय
(2) वर्ग समतली ज्यामिति एवं अनुचुम्बकीय
(3) चतुष्फलकीय ज्यामिति एवं प्रतिचुम्बकीय
(4) चतुष्फलकीय ज्यामिति एवं अनुचुम्बकीय

67. The type of isomerism shown by the complex $[CoCl_2(en)_2]$ is
(1) Geometrical isomerism
(2) Ionization isomerism
(3) Coordination isomerism
(4) Linkage isomerism

68. Which one of the following ions exhibits d-d transition and paramagnetism as well ?
(1) $CrO_4^{2-}$
(2) $MnO_4^{-}$
(3) $Cr_2O_7^{2-}$
(4) $MnO_4^{2-}$

69. Iron carbonyl, $Fe(CO)_5$ is
(1) tetranuclear
(2) trinuclear
(3) mononuclear
(4) dinuclear

70. Match the metal ions given in Column I with the spin magnetic moments of the ions given in Column II and assign the ***correct*** code :

| | *Column I* | | *Column II* |
|---|---|---|---|
| a. | $Co^{3+}$ | i. | $\sqrt{8}$ B.M. |
| b. | $Cr^{3+}$ | ii. | $\sqrt{35}$ B.M. |
| c. | $Fe^{3+}$ | iii. | $\sqrt{3}$ B.M. |
| d. | $Ni^{2+}$ | iv. | $\sqrt{24}$ B.M. |
| | | v. | $\sqrt{15}$ B.M. |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | v | ii | i |
| (2) | iv | i | ii | iii |
| (3) | i | ii | iii | iv |
| (4) | iii | v | i | ii |

71. The geometry and magnetic behaviour of the complex $[Ni(CO)_4]$ are
(1) square planar geometry and diamagnetic
(2) square planar geometry and paramagnetic
(3) tetrahedral geometry and diamagnetic
(4) tetrahedral geometry and paramagnetic

72. प्रथम कोटि एवं द्वितीय कोटि अभिक्रियाओं में सही विभिन्नता है

(1) प्रथम कोटि की अभिक्रिया का वेग अभिकारक की सान्द्रताओं पर निर्भर नहीं करता है; द्वितीय कोटि की अभिक्रिया का वेग अभिकारक की सान्द्रताओं पर निर्भर करता है

(2) प्रथम कोटि की अभिक्रिया को उत्प्रेरित किया जा सकता है; द्वितीय कोटि की अभिक्रिया को उत्प्रेरित नहीं किया जा सकता है

(3) प्रथम कोटि की अभिक्रिया की अर्ध-आयु $[A]_0$ पर निर्भर नहीं है; द्वितीय कोटि की अभिक्रिया की अर्ध-आयु $[A]_0$ पर निर्भर है

(4) प्रथम कोटि की अभिक्रिया का वेग अभिकारक की सान्द्रताओं पर निर्भर करता है; द्वितीय कोटि की अभिक्रिया का वेग अभिकारक की सान्द्रताओं पर निर्भर नहीं करता है

73. $CaH_2$, $BeH_2$, $BaH_2$ में आयनिक प्रकृति का क्रम है

(1) $BeH_2 < CaH_2 < BaH_2$

(2) $BeH_2 < BaH_2 < CaH_2$

(3) $CaH_2 < BeH_2 < BaH_2$

(4) $BaH_2 < BeH_2 < CaH_2$

74. किस स्थिति में जल के अणुओं की संख्या अधिकतम है ?


(1) 18 mL जल के लिए

(2) 1 atm एवं 273 K पर 0·00224 L जल वाष्प के लिए

(3) 0·18 g जल के लिए

(4) $10^{-3}$ मोल जल के लिए

75. नीचे दिए गए आरेख में, ब्रोमीन की ऑक्सीकरण अवस्था में परिवर्तन विभिन्न वि.वा. बल (emf) मानों पर दर्शाया गया है :




कौन-सी स्पीशीज़ असमानुपातन से गुज़रती है ?

(1) $BrO_3^-$

(2) $Br_2$

(3) $BrO_4^-$

(4) HBrO

72. The correct difference between first- and second-order reactions is that

(1) the rate of a first-order reaction does not depend on reactant concentrations; the rate of a second-order reaction does depend on reactant concentrations

(2) a first-order reaction can be catalyzed; a second-order reaction cannot be catalyzed

(3) the half-life of a first-order reaction does not depend on $[A]_0$; the half-life of a second-order reaction does depend on $[A]_0$

(4) the rate of a first-order reaction does depend on reactant concentrations; the rate of a second-order reaction does not depend on reactant concentrations

73. Among $CaH_2$, $BeH_2$, $BaH_2$, the order of ionic character is

(1) $BeH_2 < CaH_2 < BaH_2$

(2) $BeH_2 < BaH_2 < CaH_2$

(3) $CaH_2 < BeH_2 < BaH_2$

(4) $BaH_2 < BeH_2 < CaH_2$

74. In which case is the number of molecules of water maximum ?


(1) 18 mL of water

(2) 0·00224 L of water vapours at 1 atm and 273 K

(3) 0·18 g of water

(4) $10^{-3}$ mol of water

75. Consider the change in oxidation state of Bromine corresponding to different emf values as shown in the diagram below :




Then the species undergoing disproportionation is

(1) $BrO_3^-$

(2) $Br_2$

(3) $BrO_4^-$

(4) HBrO

76. $X_2$, $Y_2$ और XY की आबंध वियोजन ऊर्जाओं का अनुपात $1 : 0{\cdot}5 : 1$ है । XY के विरचन की एन्थैल्पी $\Delta H = -200\ kJ\ mol^{-1}$ है । $X_2$ की आबंध वियोजन ऊर्जा होगी

(1) $200\ kJ\ mol^{-1}$

(2) $800\ kJ\ mol^{-1}$

(3) $100\ kJ\ mol^{-1}$

(4) $400\ kJ\ mol^{-1}$

77. जब अभिकारक की प्रारम्भिक सान्द्रता को दुगुना किया जाता है, तो शून्य कोटि अभिक्रिया के लिए अर्ध-आयु काल

(1) आधा होता है

(2) तिगुना होता है

(3) दुगुना होता है

(4) अपरिवर्तित रहता है

78. रेडॉक्स अभिक्रिया

$$MnO_4^- + C_2O_4^{2-} + H^+ \longrightarrow Mn^{2+} + CO_2 + H_2O$$

के लिए संतुलित समीकरण के लिए अभिकारकों के सही गुणांक हैं

| | $MnO_4^-$ | $C_2O_4^{2-}$ | $H^+$ |
|---|---|---|---|
| (1) | 16 | 5 | 2 |
| (2) | 2 | 16 | 5 |
| (3) | 2 | 5 | 16 |
| (4) | 5 | 16 | 2 |

79. अभिक्रिया में निम्नलिखित में से कौन-सी दशा अधिकतम उत्पाद निर्माण के लिए उत्तरदायी है,

$$A_2(g) + B_2(g) \rightleftharpoons X_2(g) \quad \Delta_r H = -X\ kJ\ ?$$

(1) निम्न ताप एवं उच्च दाब

(2) उच्च ताप एवं उच्च दाब

(3) निम्न ताप एवं निम्न दाब

(4) उच्च ताप एवं निम्न दाब

80. आदर्श गैस समीकरण में संशोधन गुणक 'a' संबंधित है

(1) गैस अणुओं के घनत्व से

(2) गैस अणुओं के मध्य उपस्थित विद्युत्-क्षेत्र से

(3) गैस अणुओं के आयतन से

(4) गैस अणुओं के मध्य आकर्षण बलों से

76. The bond dissociation energies of $X_2$, $Y_2$ and XY are in the ratio of $1 : 0{\cdot}5 : 1$. $\Delta H$ for the formation of XY is $-200\ kJ\ mol^{-1}$. The bond dissociation energy of $X_2$ will be

(1) $200\ kJ\ mol^{-1}$

(2) $800\ kJ\ mol^{-1}$

(3) $100\ kJ\ mol^{-1}$

(4) $400\ kJ\ mol^{-1}$

77. When initial concentration of the reactant is doubled, the half-life period of a zero order reaction

(1) is halved

(2) is tripled

(3) is doubled

(4) remains unchanged

78. For the redox reaction

$$MnO_4^- + C_2O_4^{2-} + H^+ \longrightarrow Mn^{2+} + CO_2 + H_2O$$

the correct coefficients of the reactants for the balanced equation are

| | $MnO_4^-$ | $C_2O_4^{2-}$ | $H^+$ |
|---|---|---|---|
| (1) | 16 | 5 | 2 |
| (2) | 2 | 16 | 5 |
| (3) | 2 | 5 | 16 |
| (4) | 5 | 16 | 2 |

79. Which one of the following conditions will favour maximum formation of the product in the reaction,

$$A_2(g) + B_2(g) \rightleftharpoons X_2(g) \quad \Delta_r H = -X\ kJ\ ?$$

(1) Low temperature and high pressure

(2) High temperature and high pressure

